# खाद्य सुरक्षा भगवान भरोसे : त्योहारों पर ड्रामा

**लखनादौन नवभारत। जिले में खाद्य विभाग सिर्फ त्योहारों का मेहमान बनकर रह गया है। खाद्य विभाग की सैंपलिंग पर अब सीधा सवाल उठ रहा है- क्या यह वाकई खाद्य सुरक्षा के लिए है, या फिर हफ्ता वसूली का नया पैंतरा? त्योहारों के ठीक पहले अचानक छापेमारी और सैंपलिंग का अभियान शुरू हो जाता है। ये सैंपल्स लिए जाते हैं, फोटो खींची जाती हैं, खबरें बनती हैं, और फिर रिपोर्ट आने से पहले ही मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।**

एक वरिष्ठ व्यापारी, जिसने पहचान न बताने की शर्त पर अपनी पीड़ा साझा की, ने कहा, ये सैंपलिंग सिर्फ व्यापारियों को डराने और फिर समझौते के लिए दबाव बनाने का तरीका है। अगर

### बाकी दिन मिलावट को खुला निमंत्रण

इन्हें सच में मिलावट रोकनी होती, तो हर दिन, हर महीने, औचक निरीक्षण होते। यह साफ इशारा है कि विभाग का असल मकसद खाद्य सुरक्षा नहीं, बल्कि कुछ और है, जिसकी वजह से ईमानदार व्यापारी भी परेशान हैं और मिलावटखोर बेखौफ अपना धंधा चला रहे हैं।

### अधिकारी का स्टाफ कम का बहाना और हकीकत

जब खाद्य अधिकारी से यह सवाल किया गया कि वे बाकी समय में कहीं दिखाई क्यों नहीं देते, तो उनका रटा-रटाया जवाब था कि स्टाफ कम है, सीमित स्टाफ होने की वजह से हम लोग हमेशा ग्राउंड पर दिखाई नहीं देते। लेकिन यह जवाब गले नहीं उतरता। अगर



स्टाफ की कमी इतनी ही बड़ी समस्या है, तो फिर त्योहारों के समय यह स्टाफ जादू से कहां से आ जाता है कि अचानक पूरे जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाईयां दिखने लगती हैं? क्या त्योहारों के समय किसी प्राइवेट व्यक्ति की मदद ली जाती है? यह तर्क हास्यास्पद है और केवल अपनी अक्षमता और मिलीभगत को छिपाने का एक खोखला बहाना है। यह दर्शाता है कि इच्छाशक्ति की कमी है, न कि स्टाफ की। सूत्रों की मानें तो शहर में ऐसे कई बड़े नाम हैं जहां मिलावट की शिकायतें आम हैं, लेकिन खाद्य विभाग की टीम कभी उनका रुख नहीं करती। क्या विभाग को उन जगहों पर कुछ खास दिखता है, जिसके चलते सैंपलिंग की हिम्मत नहीं होती? यह सवाल भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें दिखाता है और यह स्पष्ट करता है कि विभाग की निष्क्रियता सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत का नतीजा भी हो सकती है। अगर विभाग वास्तव में पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करता है, तो उसे उन जगहों से भी सैंपलिंग करनी चाहिए, जहां से कभी कोई शिकायत या कार्रवाई सामने नहीं आती।

### जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक

यह स्वीकार करना होगा कि खाद्य विभाग की यह कार्यप्रणाली अक्षम्य है। मिलावटखोरी सिर्फ आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि मानव जीवन से खिलवाड़ है। कैंसर, पेट की बीमारियां और न जाने कितनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं इन मिलावटी खाद्य पदार्थों की देन हैं। लेकिन विभाग को इसकी रत्ती भर भी परवाह नहीं दिखती। अब समय आ गया है कि जिला प्रशासन और सरकार इस विभाग की गहरी नींद को तोड़ें! सिर्फ कागजी कार्रवाई और त्योहारों पर दिखावे के बजाय, पूरे साल सख्त और निरंतर कार्रवाई की जाए। दोषी अधिकारियों पर भी जवाबदेही तय की जाए। आखिर कब तक जनता के स्वास्थ्य के साथ यह खिलवाड़ चलता रहेगा?

# 11 लाख के गबन में ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत। लखनादौन पुलिस ने स्पंदना स्पूर्ती फाइनेंस कंपनी के तत्कालिन ब्रांच मैनेजर को 11 लाख 70 हजार 712 रूपये के गबन के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

लखनादौन थाना प्रभारी ने बताया कि 11 जुलाई को स्पंदना स्पूर्ती फाइनेंस कंपनी शाखा लखनादौन के वर्तमान शाखा प्रंबधक कैलाश मेहरा द्वारा ब्रांच के तत्कालिन शाखा प्रबंधक अनुराग खेमरिया के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कराया था। उन्होंने बताया था कि हमारी कंपनी महिलाओ एवं ऐसे व्यक्ति जो कि अपने कार्य शैली पर व्यापार करना चाहते है उन्हे लोन देने का काम करती है। शाखा लखनादौन में पदस्थापना के बाद से शाखा में उधारकर्ता आने लगे और बताये कि हमारे द्वारा पुर्व में लिये गये लोन की किस्ते जमा कर दी गई है परंतु हमारे खाते में ओवर ड्यु दिख रहा है जिन्हे पूर्व शाखा प्रबंधक अनुराग द्वारा किस्ते लेकर कंपनी में जमा नही किया है । एवं गायत्री धुर्वे को 50000 रूपये के लोन की आवश्यकता थी परंतु उसके खाते में 72230 रूपये आये थे जो अतिरिक्त 22230 रूपये, अनुराग द्वारा वापस ले लिये थे कपनी में जमा नही किया है।

### इनके नाम से लिया था लोन

इसी प्रकार कुछ मेंबर ऐसे आये जिन्हे लोन की आवश्कता ना होने पर भी उनके नाम से लोन पास करने के बाद शाखा प्रबधंक अनुराग द्वारा उन मेम्बरो से गलती से खाते में पैसा चला गया कहकर लोन का पैसा वापस ले लिया जिनमें साबरा बी से 72176 रूपये, सुमिता सेन से 80211 रूपये, चंद्रवती से 4399 रूपये, आरजू विश्वकर्मा से 19150 रूपये, पूजा विश्वकर्मा से 47990 रूपये, दशोदा बाई भलावी से 64996 रूपये, राधाबाई उइके से 25360 रूपये, मानावती उड़के से 22370 रूपये, बबलीबाई परते से 32080 रूपये, सावित्रि धुर्वे से 69100 रूपये, जायना बाई से 39200 रूपये, बरातो बाई से49200, कमलाबाई से 41650 रूपये , धनवती बाई परते से 12130 रूपये, संपतिया बाई तेकाम से 40000 रूपये, हेमवती सय्याम से 28000 रूपये, देवकी बाई से 39000 रूपये, किरण से 40000 रूपये, सरस्वती से 32000 रूपये, दुर्गा बाई कुडोपा से 29000 रूपये, द्रोपती से 80000 रूपये, अन्नोबाई से 37000 रूपये, मिनाबाई से 40000 रूपये, धनवती से 40000 रूपये, दुर्गाबाई से 57000 रूपये, ईमरती बाई से 40000 रूपये,रामकुमारी से 28500 रूपये, क्रांती बाई से 14820 रूपये लेकर शाखा प्रबधंक द्वारा धोखाधडी कर कंपनी का कुल 11,70,712 रूपये का गबन किया गया है । कि रिपोर्ट पर धारा 318 ( 4 ),316 ( 5 ) बीएनएस का पंजीबध्द किया गया। पुलिस ने 01 अगस्त को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## एक नजर में



### थाना बंडोल के आरक्षक को मिला प्रशंसा पत्र

सिवनी। जिले में लगातार बढ़ रही गोवंश को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा मुहिम चलाई जा रही है जिसमें जिले के सभी थाना पुलिस अधीक्षक का आदेश का पालन करते हुए लगातार कार्रवाई कर रहे हैं जिससे गोवंश तस्करों के होश उड़ गए हैं और गोवंश में कमी देखने को मिल रही है जिसको लेकर बंडोल थाना में पदस्थ आरक्षक नीरज राजपूत को पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और जिले में अवैध गौवंश परिवहन, अवैध गौमांस को पकड़कर लगातार कठोर कार्यवाही करवाने के कार्य में सराहनीय योगदान दिया गया जो आरक्षक ने निष्ठापूर्वक कड़ी मेहनत की बुद्धिमता का परिचायक हैं। आरक्षक इस परिश्रम अनुशासन एवं टीम वर्क के लिये मैं पुलिस अधीक्षक सिवनी आपकी व्यक्तिगत रूप से सराहना करता हूँ आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ एवं आशा करता हूँ कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार पूरे मनोयोग एवं प्रतिबध्दता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये विभाग की प्रतिष्ठा को बनाये रखेंगे।



### पखारा में निकली कलश यात्रा एवं पौधा रोपण कार्यक्रम

बरघाट। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बरघाट में जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे की मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था -माँ शक्ति संस्थान पखारा सेक्टर क्रमांक 4 द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का कार्यक्रम समीपस्थ ग्राम पखारा में किया गया जिसमें रैली कलश यात्रा के माध्यम से एवं जनसभा के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम संप्रन्न किया गया। ग्राम में नवांकुर सखी- हरियाली यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत कलस व नारो के साथ रैली निकाली गई । साथ ही जनपद सदस्य द्वारा एक बरगद का पौधा ग्रामीणों को प्रदान किया गया व नवांकुर संस्था द्वारा नवांकुर सखियों को पौधे वितिरित किये गये। कार्यक्रम का मंच संचालन छात्र अजय बोपचे एवं आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था प्रमुख भरतलाल देशमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रतिमा गौतम( जनपद सदस्य), श्रीमती साधना पटले (रोजगार सहायक), श्रीमती सरसता पटले( पंच), श्रीमती चतुरा पटले, श्रीमती टीजेश्वरी ठाकुर ,श्रीमती रोशनी टेमरे , प्रकाश शरणागत( परामर्शदाता), श्रीमती अभिलाषा राहंगडाले( परामसर्शदाता), छात्र अजय बोपचे, नवाब खान, सुभम गोमेश्वर ,छात्रा रेखा धानेश्वर व ग्राम की गणमान्य महिलाये व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# वेयर हाऊस से गेहूं चुराने वाले गिरफ्तार



**सिवनी नवभारत।** बंडोल पुलिस ने अरिहंत वेयर हाउस से चोरी हुए 450 किलो गेहूं के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने संदेही आरिफ उर्फ राजा कुरेशी पिता अनवर (30) ग्राम देवरी थाना लालबर्रा एवं नंदलाल पिता हेमराज जंघेला (35) सोनाडोंगरी थाना बंडोल से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना 31 जुलाई की रात वेयर हाउस में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियो से चोरी किया गया अनाज, घटना में उपयोग मोटर सायकल एवं ताला तोडने के औजार विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपियो के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की गई है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बंडोल उ.नि.अर्पित भैरम, सउनि.सी.एल.सिगमारे, प्र.आर. कुलदीप यादव आर. नीरज राजपूत, चालक दिनेश चन्द्रवंशी का योगदान रहा।

# खाद व यूरिया की कमी, किसानों ने दिया धरना प्रदर्शन



**धनौरा नवभारत।** क्षेत्र में यूरिया खाद की आपूर्ति को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धनौरा के सामने आज प्रदर्शन किया गया और खाद और यूरिया की कमी को लेकर किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में धनौरा क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में एकजुट हुए और शासन-प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

धरना स्थल पर किसान नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में मांग के अनुरूप विभाग द्वारा खाद और यूरिया उपलब्ध नहीं कराए जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अति शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई और प्रदर्शन की सूचना पर धनौरा तहसीलदार दुबे, सहकारिता विभाग के डेहरिया, घंसौर तहसीलदार, एवं समिति प्रबंधक झरिया किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने किसानों को सात दिवस में मांग पत्र के अनुसार खाद और यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया और धरना समाप्त करने की अपील की प्रशासन के इस आश्वासन को मानते हुए किसानों ने सर्वसम्मति से 8 अगस्त 2025 तक के लिए आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में मांग पूरी नहीं की गई तो कुडारी एवं धनौरा आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का घेराव कर पुन: उग्र प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन में शामिल अनीक मोहम्मद अन्नू बाबा, तेईसिंह उइके, मुकेश जैन,हर्षवर्धन बघेल, शेख मुस्लिम,राजेंद्र बघेल,बलराम प्रजापति, रज्जन सिंह उइके,, समीर खान 'मुन्ना भाई', पन्नालाल चंद्रवंशी, भारत कुमरे,धनीराम पन्द्रे, सम्यक जैन,शारदा प्रसाद मिश्रा, मनोज बकोड़े,संतोष गोलानी, रामकुमार नायक, यशवंत बघेल, श्रीमती किरण कुरेती, रविंद्र उइके, मुलायम पन्द्रे एवं अम्मा दास आदि शामिल रहे।



### अमृत हरित महाभियान के तहत हुआ पौधरोपण

बरघाट। गत दिवस 24 जुलाई दिन गुरुवार को नगर परिषद बरघाट द्वारा अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत पर्यावरण सुरक्षा, प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण हेतु एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। मुख्य रूप से क्षेत्र के विधायक कमल मर्सकोले, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं नगर परिषद अध्यक्षइमरता साहू के विशेष उपस्थिति में नगर के विभिन्न वार्ड में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया साथ ही वार्ड क्रमांक 9 में ओपन जिम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पार्षद गण, सभापति, नागरिक गण एवं नगर परिषद का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सहकारी कर्मचारी काली पट्टी बांध जता रहे विरोध



**सिवनी नवभारत।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ भोपाल के आह्वान पर मप्र के सभी समिति कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। 25 जुलाई से 5 अगस्त तक कार्यालय में काम के समय वे सिर पर काली पट्टी बांध शासन के खिलाफ विरोध दर्ज करवा रहे हैं। प्रदेश प्रतिनिधि तिलोकचंद यादव, एवं जिले के सभी जिलाध्यक्षों सहित जिला प्रतिनिधि उदय सिंह पटेल ने बताया यदि कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी तो 6 अगस्त को जिला प्रशासन, सांसद व विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 7 अगस्त से जिले सहित पूरे प्रदेश में कर्मचारी कलम बंद कर कार्यालयों में ताला बंदी करेंगे। सभी कर्मचारी जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय के सामने अनशन व धरना प्रदर्शन करेंगे। सेवानिवृत्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ ब्लाक अध्यक्ष व जिला संरक्षक ने कहा संगठन कर्मचारियों के हित में इस आंदोलन का समर्थन करता है। जिस पर सिवनी के कर्मचारियों ने भी पूरा समर्थन दिया और सिर पर काली पट्टी बांध कर काम किया।

# दिघौरी तक निकलेगी कांवड़ यात्रा, विधायक होंगे शामिल

**छपारा नवभारत।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन माह के चौथे सोमवार, 4 अगस्त को छपारा नगर में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा सुबह 9 बजे बैनगंगा नदी के सिद्ध बाबा घाट से शुरू होगी, जहां कांवड़िए नदी से जल भरकर दिघौरी गांव स्थित गुरु रत्नेश्वर स्फटिक शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान करेंगे। विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह भी इस कांवड़ यात्रा में नगर एवं क्षेत्रीय निवासियों के साथ शामिल होंगे। उन्होंने सभी से सपरिवार इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है। कांवड़ यात्रा का समापन दिघौरी स्थित गुरु रत्नेश्वर धाम में स्थित गुरु रत्नेश्वर स्फटिक शिवलिंग पर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके बाद, गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक सद्भाव और एकता का प्रतीक बन गया है, जिसमें हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

# मोहम्मद रफी की याद में गूंजे सुर, गीतांजलि कराओके ग्रुप ने दी श्रद्धांजलि



**सिवनी नवभारत।** सुरों के सम्राट मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर, गीतांजलि कराओके सिंगर ग्रुप ने एक भावपूर्ण संगीत संध्या का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डी ग्रैंड अग्रोहा लॉन में आयोजित यह कार्यक्रम कलाकारों और श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। सभी कलाकारों ने मंच पर रफी साहब के लोकप्रिय और यादगार नगमों को बड़ी शिद्दत से गाकर माहौल को संगीतमय बना दिया।

यह कार्यक्रम पी.एस. उइके (रि. डी.आई.जी.) और डी ग्रैंड अग्रोहा लॉन के संचालक सल्लू अग्रवाल के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया था। इस संगीतमय शाम में छिंदवाड़ा से आए कलाकारों, दयाराम और माया आतराम, और राकेश व अनुकृति चौरसिया ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इनके अलावा पी.एस. उइके, सुरेश तिवारी, दीपक श्रीवास्त्री, भुवनेश्वर शुक्ला, नरेश पांडे, दीपक तिवारी, अमन मिश्रा (म.प्र.पु.), सल्लू अग्रवाल, श्रीमती अंजू भलावी और श्रीमती रॉली श्रीवास्त्र ने भी रफी साहब के गीतों को गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

छिंदवाड़ा से पधारे राकेश चौरसिया ने बेहतरीन मंच संचालन कर श्रोताओं को बांधे रखा। इस अवसर पर डी.एस. सनोडिया, एस.आर. शिव, अशोक सोनी, राजेश तिवारी, श्रीमती दीप्ति हनुमते, मोहन सिंह (एसबीआई), पूर्व पार्षद श्रीमती किरण शुक्ला, श्रीमती आशा उइके, श्रीमती रश्मि तिवारी, स्वाति तिवारी, इंजीनियर प्रियांशु चौरसिया समेत बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## पेंच राष्ट्रीय उद्यान को 7,32,55,000/- की राशि स्वीकृत की गयी

# खाद्यान्न की कालाबाजारी, मुआवजे का मुद्दा उठाया मुनमुन ने

**सिवनी नवभारत।** म.प्र. विधानसभा के सत्र में आज विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विभागीय पदों पर पदस्थापना, वन्य प्राणियों से पीडित ग्रामीणों को मुआवजा राशि का भुगतान एवं खाद्यान्न की कालाबाजारी संबंधि प्रश्न पूछे गये इसके साथ ही क्षेत्र में पुल/पुलिया निर्माण किये जाने के लिए याचिका प्रस्तुत किया।

जारी विधानसभा सत्र में विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विभागीय पदों पर पदस्थापना के संबंध में किये गये प्रश्न का उत्तर देते हुए जनजाति कार्य मंत्री डॉ. कुवर विजय शाह ने बताया कि अनुसूचित जनजाति बाहुल्य 89 विकासखण्डों की जनपद पंचायतों में अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त के 89 एव बी.डी.ओ. के 89 पद जनजाति कार्य विभाग के स्वीकृत है। विकासखण्ड स्तर पर क्षेत्र संयोजक पद नाम से पद स्वीकृत नही है। इन पदों का वित्तीय एवं प्रशानिक अधिकारी जनजाति कार्य विभाग के पास है। म.प्र. शासन जनजाति कार्य मंत्रालय के आदेश क्र./एफ-27/2017/25/1 भोपाल दिनांक 30.02.2018 द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुमति याचिका क्रं. 6580/2016 में पारित आदेश दिनांक 14.09.2016 के अनुपालन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त की यूनिफाइड ग्रेडेशन लिस्ट में शामिल करने हेतु सहमति प्रदान की गयी है। दी गयी सहमति के आधार पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों के पद पर पदस्थापना की जा रही है। स्थानांतरण नीति 2025 के प्रावधान अंतर्गत जिलें के भीतर प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर कर्मचारियों के स्थानांतरण किये गये हैं। कर्मचारियों द्वारा चाही गयी संस्थाओं पर पद रिक्त ना होने, परिवीक्षा अवधि में कार्यरत होने एवं प्रशासनिक कारणों से ऐसे कर्मचारियों के स्थानांतरण नही किये गये है। जिलों द्वारा शिक्षक सवर्ग में तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण ना होने, रिक्त पदों की अनुपलब्धता, स्थानांतरण की नीति सिथिलीकरण अवधि समाप्त होने के पश्चात अनुमोदन प्राप्त होने, शिक्षक विहीन एवं 01 शिक्षिकीय विद्यालय में पद पूर्ति, द्वतीय श्रेणी के स्थानांतरण के अधिकार जिला स्तर पर ना होने से स्थानांतरण प्रभारी मंत्री की अनुशंसा से निरस्त संशोधित किये गये है।

आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन के वन्य प्राणियों से पीडित ग्रामीणों को मुआवजा राशि का भुगतान से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए राज्यमंत्री वन श्री दिलीप अहिरवार ने बताया कि वन्य प्राणियों द्वारा जनहानि एवं जनघायल किये जाने पर शासन द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति दिये जाने का प्रावधान है। फसल हानि एवं घर तोड फोड के नुकसानी होने पर क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान राजस्व पुस्तक परिपत्र क्रं. 06 (4) के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। मुआवजा प्रकरणों के निराकरण की व्यवस्था लोक सेवाओं के प्रदान की गांरटी अधिनियम से शासित है। वन्य प्राणियों द्वारा जनहानि, फसलहानि के फलस्वरुप प्रावधान अनुसार पात्र हितग्राही को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। घटनाओं की जॉच हेतु कोई समिति नही बनायी गयी। वन्य प्राणियों से ग्रामीणों के घरों में तोड-फोड करने के प्रकरण प्रकाश में नही आये है। श्री अहिरवार ने आगे बताया कि विभाग द्वारा वनों से लगे ग्रामों एवं प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों की वन सीमा में चयन लिंक फेंसिग, सोलर पावर केसिंग, वन्य जीव अवरोधक पत्थर की दिवार निर्माण के कार्य कराये गये है। वनों से लगे संवेदनशील ग्रामों के ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए मुनादी, सयाने मोगली की सायकल, बाघ चौपाल तथा समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। योजना क्रं. 2899 राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत चयन लिंक फेंसिग हेतु पेंच राष्ट्रीय उद्यान को राशि रुपये 7,32,55,000/- की राशि स्वीकृत की गयी है। वर्ष 2025-26 से योजना क्रं. 1621 टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों का विकास प्रारंभ की गयी है। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी के संबंध में प्रश्न पूछा गया जिसका जबाव खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपुत द्वारा दी गयी। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठरकाखेडा से ग्राम पिपरिया मार्ग में पुलिया/पुल निर्माण कार्य कराये जाने हेतु याचिका प्रस्तुत किया गया।

# सेवानिवृत्ति एक शासकीय प्रक्रिया है, लेकिन यादें उसे जीवन का उत्सव बना देती हैं : आराधना राजपूत



सिवनी नवभारत। सेवानिवृत्ति भले ही एक शासकीय प्रक्रिया हो, परंतु जब कोई व्यक्ति अपने कर्म, समर्पण और व्यक्तित्व से सभी के दिलों में स्थान बना लेता है, तब उसकी विदाई केवल औपचारिकता नहीं रह जाती—वह एक यादगार पल बन जाती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायी शिक्षिका रहीं श्रीमती मंजुलता श्रीवास्तव, जिन्हें स्काउट गाइड के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्ष 2006 से महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला, सिवनी में कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई।

आज जब उन्हें शाला परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई, तो हर आंख नम थी।

प्राचार्या श्रीमती आराधना राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपका जाना हमें खल रहा है, लेकिन इस बात की खुशी भी है कि अब आप अपने परिवार संग एक नए जीवन अध्याय की शुरुआत करेंगी। शिक्षक श्री उपाध्याय ने भी अपने संस्मरणों में श्रीमती श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और प्रेरणास्पद कार्यशैली का उल्लेख किया। इस अवसर पर रश्मि राय, दीपमाला पाठक, राजीव धगट, श्रीमती खन्ना, श्रीमती पांडे, शिक्षक चौधरी, कविता राय, शिक्षिका चेतना, तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

श्रीमती मंजुलता श्रीवास्तव के परिवारजनों द्वारा ढोल-नगाड़ों और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बना दिया गया। यह विदाई समारोह न केवल एक अध्याय का समापन था, बल्कि उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान की भावना का प्रतीक भी था।

### कांबिंग गश्त में 74 वारंटी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा 31 जुलाई व 01 अगस्त की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में 01 अगस्त की रात्रि 12 बजे से प्रात: 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 19 स्थाई वारंट, 55 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 81 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 180 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें
हर मंगलवार व बुधवार
प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा कॉम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें
हर शनिवार व रविवार
गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857